हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29 .3 डिग्री
न्यूनतम 8 .6 डिग्री

धर्म की रक्षा के संदेश को पहुंचा रही शहीदी यात्रा 10



हवन के साथ बनौंदी शुगर मिल में पेराई सीजन शुरू 10



## खबर संक्षेप

### इसराना पुलिस ने 9 अपराधियों को भेजा जेल

**इसराना।** ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत इसराना पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा गया। पत्रकार वार्ता में पीएसआई नवीन कुमार ने बताया 5 नवंबर से बीस नवंबर तक चलाए गए अभियान के तहत इसराना पुलिस ने विभिन्न मामलो में वांछित नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया गया है। इसके अलावा दो लोगों की हिस्ट्री खुलवाई गई। गिरफ्तार कर जेल भेज आरोपियों में अंकित वासी रुखी, संदीप उर्फ जोजो वासी विकास नगर पानीपत, नवदीप वासी विकास नगर, हरकेश वासी बुटाना, देवेन्द्र वासी बुटाना, उदेश वासी मांडी, रिंकू पुत्र जगबीर वासी मांडी, कर्मवीर वासी बल्ला खुर्द महेंद्रगढ़ व विनीत वासी बादली झज्जर शामिल हैं।

### 22 ग्राम हेरोइन के साथ युवक किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गधोली के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर 22 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एसआई सतीश कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव गधोली के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 22 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान दीपक कुमार के रूप में हुई। उसने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 : शिल्प मेले के 7वें दिन ब्रह्मसरोवर के तट पर उमड़े पर्यटक

# लोक कलाओं का जीवंत मंच बनी गीता जयंती

### पारंपरिक परिधानों और वाद्य यंत्रों के साथ कई राज्यों के लोक कलाकारों ने किया पर्यटकों का मनोरंजन

तरुण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर भारतीय संस्कृति की महक को दूर-दूर तक महसूस किया जा रहा है। इस संस्कृति की महक का एहसास करने के बाद एकाएक देश-विदेश के लोग अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। इस महोत्सव में जहां शिल्पकार अपनी शिल्पकला से पर्यटकों को मोहित कर रहे हैं, वहीं विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव शिल्प और सरस मेले के 7वें दिन सुबह और शाम के समय दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों का विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार मनोरंजन कर रहे हैं। उत्तरी तट पर जहां राजस्थानी लोक कलाकार कच्ची घोड़ी नृत्य की प्रस्तुति देकर पर्यटकों को नृत्य करने के लिए उत्साहित कर रहे हैं, वहीं उत्तर पश्चिमी तट पर बीन-बांसुरी की धुन पर लोक कलाकार भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इस पावन तट के चारों तरफ किसी न किसी प्रदेश के कलाकार, बाजीगर, बहरुपिए भी पर्यटकों को लुभा रहे हैं। शुक्रवार को इस शिल्प मेले की रौनक को बढ़ाने का काम विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों व विद्यार्थियों ने किया। आसमान में खिली धूप ने महोत्सव के माहौल को और भी मनमोहक कर दिया, महोत्सव में आए विद्यार्थियों व पर्यटकों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। बच्चों, जवान और बुजुर्गों ने महोत्सव में जमकर खरीददारी की और विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मदमस्त होकर नृत्य किया।





कुरुक्षेत्र। गीता जयंती महोत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### गुम हुए मोबाइल को वापस पाकर मिली खुशी



**कुरुक्षेत्र।** सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा ब्रह्मसरोवर के तट पर सूचना एवं प्रसारण केन्द्र की स्थापना की गई है। इस सूचना एवं प्रसारण केन्द्र के माध्यम से गीता महोत्सव में आए पर्यटकों का यदि कोई संबंधी या साथी बिछड़ जाए, छोटे बच्चे या जरुरी सामान गुम हो जाए तो सूचना एवं प्रसारण केन्द्र से सूचनाएं प्रसारित की जाती है। इसी कड़ी में महोत्सव में अपने परिवार सहित घूमने आए एक व्यक्ति का मोबाइल फोन मेले में कहीं गुम हो गया। सूचना एवं प्रसारण केन्द्र पर इस मोबाइल के गुम होने बारे सूचना प्रसारित की गई। कुछ ही देर में एक जिम्मेदार नागरिक द्वारा मोबाइल को सूचना केंद्र में पहुंचा दिया। इस प्रकार अपने मोबाइल को प्राप्त करके उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने सूचना केन्द्र पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों व मोबाईल को पहुंचाने वाले व्यक्ति का धन्यवाद किया।

### कश्मीरी काहवा का लुत्फ उठा रहे पर्यटक



**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में ब्रह्मसरोवर का पावन तट जहां देश की संस्कृति को प्रदर्शित करने का मुख्य मंच बना हुआ है, वहीं विभिन्न प्रदेशों के खान-पान का भी यहां पर सहजता से मजा लिया जा सकता है। इन खानपान के व्यंजनों के बीच में जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिला के गांव पटन से आए मोहम्मद मगबूल सूफी व उनके साथी अपने साथ कश्मीर का मुख्य पेय कश्मीरी काहवा व ड्राई फ्रूट लेकर महोत्सव में पहुंचे हैं। इस कश्मीरी काहवा की भीनी-भीनी महक की वजह से महोत्सव में आने वाले पर्यटक उनके स्टॉल पर खिंचे चले आते हैं। उनके परिवार के सदस्यों मजहबी बेगम, मोहम्मद इरफान लोन, मोहम्मद उसमान लोन, शबीर अहमद ढार ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि कश्मीरी काहवा एक पेय पदार्थ से कहीं कुछ बढ़कर है। यह काहवा कश्मीर की संस्कृति, इतिहास और परंपरा का प्रतीक है। महोत्सव के स्टॉल नंबर 29 पर कश्मीरी काहवा को तैयार करती मजहबी बेगम व उनके परिजन पर्यटकों के स्नेह व आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वे पिछले कई सालों से गीता महोत्सव में आ रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके स्टॉल पर करीब 30 प्रकार के ड्राई फ्रूट उपलब्ध है।

### गीता विश्व के लिए प्रकाश स्तंभ : ज्ञानानंद



**पिहोवा।** श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता जयंती महोत्सव 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक पूरे भव्यता और आध्यात्मिक उत्साह के साथ आयोजित हो रहा है। इस भव्य महोत्सव को लेकर श्री कृष्ण कृपा धाम पिहोवा में बातचीत करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि विश्व मानवता के लिए जीवन का मार्ग दिखाने वाली दिव्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा गीता जयंती को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए जिस समर्पण और दूरदृष्टि के साथ कार्य किया जा रहा है, वह वास्तव में प्रसंशनीय है। सरस्वती मिशन हॉस्पिटल के एमडी डॉ. सुदर्शन चुघ ने कहा कि गीता जयंती महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार सहित गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा किए जा रहे प्रयासों की व्यापक सराहना हो रही है। गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र के प्रबंधक राजेंद्र चोपड़ा ने बताया कि गीता जयंती महोत्सव को लेकर स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा संचालित गीता ज्ञान संस्थानम इन दिनों आध्यात्मिक रंगों से सराबोर है।



# किताबें स्कैन करके पीडीएफ में बदलने का बिजनेस करने के नाम पर हड़पे पांच लाख

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

किताबें स्कैन करके पीडीएफ में बदलने का बिजनेस करने के नाम पर शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी योगेश कुमार से पांच लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप गौरव तंवर, प्रदीप बोरा, राजकुमार व आकाश पर लगा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रोफेसर कॉलोनी निवासी योगेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार सितंबर को उसका पुराना परिचित आकाश उससे मिला। उसने बताया कि उसने एक बहुत लाभकारी व्यापार शुरू किया है और वह उसे भी उसमें जोड़कर जीवन भर के लिए सेट कर देगा। आरोपी आकाश ने उसे बताया कि उसने अपनी कंपनी का नाम प्रीत टैक सोल्यूशन बताया, जिसका मुख्य कार्यालय जीरकपुर पंजाब में है और वहां प्रदीप बोरा व गौरव तंवर बैठते हैं। दो दिन बाद आकाश उसे जीरकपुर ले गया और वहां प्रदीप बोरा तथा गौरव तंवर से मिलवाया। उन्होंने बताया कि कंपनी का काम फिजिकल किताबों को स्कैन करके पीडीएफ में बदलना है। इसके लिए दो मेंबरशिप प्लान हैं एक 10 लाख 95 हजार रुपये का और दूसरा पांच लाख साढ़े सात हजार रुपये का। आरोपी ने उससे पांच लाख साढ़े सात हजार रुपये बैंक के माध्यम से जमा करवाए। योगेश ने बताया कि काम शुरू करने के लिए यमुनानगर स्थित उनके ऑफिस में दो दिन की ट्रेनिंग लेनी थी, जहां राजकुमार ट्रेनिंग देता है। उसने महंगा स्कैनर खरीदा और एक लड़के को 40 हजार महीना वेतन पर रखा।

#### नहीं दी पेमेंट

आरोपी प्रदीप बोरा ने उसे कोड भी जारी किया। शुरू में उसे 60 किताबों का ऑर्डर दिया गया। जो उसने समय से पहले पूरा कर लिया। इस काम की पेमेंट ढाई लाख रुपये बनती थी। आरोपियों ने उसकी पेमेंट नहीं की। जब उसने आरोपियों से पैसे मांगे तो वह टालमटोल करने लगे। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### बीज व कीटनाशकों के नमूने लिए



**पानीपत।** कृषि और किसान कल्याण विभाग द्वारा कीटनाशकों व बीजों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत डॉ. राकेश फोरिया, विपणन अधिकारी (मुख्यालय, पंचकूला) ने विभिन्न स्थानों से नमूने लेकर उनकी जांच प्रक्रिया प्रारंभ कराई। उन्होंने बताया कि किसानों तक केवल गुणवत्तापूर्ण कृषि इनपुट पहुंचे, इसके लिए विभाग लगातार निरीक्षण करता रहेगा और किसी भी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर तुरंत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञ डॉ. अरविन्द ने डीलरों को निर्देशित किया कि वे अपने स्टॉक रजिस्टर का सही रख-रखाव करें और किसानों को किसी भी इनपुट की खरीद पर अनिवार्य रूप से पक्का बिल उपलब्ध करवाएं। साथ ही डीलरों को अपने लाइसेंस को दुकान पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं को व्यवसाय की वैधता की जानकारी आसानी से मिल सके। गुण नियंत्रक डॉ. अंकित दहिया ने बताया कि प्रदेश में नकली या मिलावटी बीज और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ सरकार कठोर कदम उठा रही है।


### बलाना की टेक्सटाइल यूनिट में भीषण आग लगने से मचा हड़कंप

**इसराना।** गांव बलाना में आज एक टेक्सटाइल यूनिट में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्ट्री इसकी चपेट में आ गई। फैक्ट्री में आग लगने के बाद मजदूर किसी तरह से जान बचाकर बाहर निकलने में सफल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। समाचार लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था। सीआरजी कोटेक्स प्रा. लि. नाम की टेक्सटाइल यूनिट में अचानक आग भड़क उठी। आग ने कुछ ही समय में फैक्ट्री में रखे कच्चे माल और तैयार प्रोडक्ट को अपनी गिरफ्त में ले लिया। फायर सेफ्टी ऑफिसर गुरमेल सिंह के अनुसारए दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने में जुटे रहे। घटना में फैक्ट्री की इमारत को भी काफी नुकसान हुआ है।

# हाईकोर्ट ने पधाना की 86 एकड़ जमीन को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए

- कार्रवाई के लिए दो माह की अवधि तय, डीसी को आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की युगल पीठ ने करनाल के डीसी को निर्देश दिए हैं कि नीलोखेड़ी उपमंडल के पधाना गांव की लगभग 86 एकड़ पंचायती भूमि को प्रभावशाली लोगों के कब्जे से मुक्त करवाकर उसकी खुली बोली करवाई जाए। अदालत ने यह कार्रवाई दो माह के भीतर पूरी करने को कहा है। इस संबंध में याचिका पधाना निवासी देशराज और अन्य ग्रामीणों द्वारा दायर की गई थी। सुनवाई न्यायमूर्ति दीपक सिब्बल तथा न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी ने की। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि पधाना गांव की भूमि, जो लगभग 704 कनाल 12 मरले है, का उपयोग चरागाह (गोचरांद) के लिए होता रहा है, लेकिन पंचायत सचिव, सरपंच तथा बीडीपीओ की मिलीभगत से इस जमीन को बिना बोली करवाए अपने चहेतों को दे दिया गया। इससे पिछले 40 वर्षों से लगभग 46 लाख रुपये वार्षिक राजस्व हानि सरकार को हो रही है। ग्रामीणों ने डीसी कार्यालय में कई बार गुहार लगाई, परंतु राजनीतिक दबाव के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद डीसी करनाल को सख्त निर्देश जारी किए कि पूरी जांच के बाद दो माह के भीतर जमीन को मुक्त कर बोली प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

# बड़ी नौकरी का झांसा देकर विदेश बुलाकर करवाई साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साइबर ठगों ने शहर के पटेल नगर निवासी प्रिंस कैथ को नौकरी का झांसा देकर उसे थाईलैंड बुलाया। जहां से उसे म्यांमार भेजकर गन प्वाइंट पर बंधक बनाकर साइबर ठगी करवाई गई। म्यांमार पुलिस ने छापामारी कर प्रिंस समेत अन्य युवकों को मुक्त करवाया।

प्रिंस ने भारत पहुंचकर यमुनानगर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पटेलनगर निवासी प्रिंस कैथ ने बताया कि वह टेलीग्राम एप चलाता है। टेलीग्राम एप पर ही जैक उर्फ आदिल से बातचीत होने लगी। आरोपी ने उसे कहा कि वह थाईलैंड में कार्य करता है। उसकी कंपनी है। आरोपी ने उसे कंपनी में नौकरी देने का झांसा दिया। इसके लिए आरोपी ने टिकट भेजा और थाईलैंड बुला लिया। 14 अगस्त 2025 को थाईलैंड पहुंच गया। वहां एयरपोर्ट पर घूमता रहा, लेकिन कोई नहीं आया। बाद में आरोपी ने टैक्सी भिजवाई और उसमें बिठाकर म्यामांर भिजवा दिया। वहां पर गन प्वाइंट पर बंधक बनाकर रखा गया। मोबाइल जब्त कर लिया गया। उसकी ही तरह वहां पर कई अन्य युवक भी थे। पीड़ित ने बताया कि उनके भी मोबाइल जब्त किए गए थे। मोबाइल से घर पर मैसेज भिजवाया जाता कि वह ठीक है और कंपनी में काम मिल गया है। कंपनी में उनसे मोबाइल पर कॉल कराई जाती। जिसके जरिए वहां पर साइबर ठगी होती। बाद में जहां उन्हें रखा गया था, वहां पर पुलिस ने छापा मारा तो वह मुक्त किए। जिसके बाद सात नवंबर को वहां से वापस भारत आया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**यमुनानगर।** जिले के दामला कुंजल रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कुंजल जाट्टान निवासी रवि कुमार ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 33 वर्षीय रविंद्र कुमार 19 नवंबर को रात 10 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहा था। जब वह दामला कुंजल रोड पर पहुंचा तो सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने उसकी उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। उसने मौके पर पहुंचकर भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसके भाई की मौत हो गई।

## सराहनीय | नेत्रदान करवाने वाले परिवार को किया सम्मानित

जीते जी रक्तदान मरणो उपरांत नेत्रदान की मुहिम

# प्रेमचंद लांबा के नेत्रदान से अब दो दृष्टिहीन देख पाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



जीते जी रक्तदान मरणो उपरांत नेत्रदान। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो जीते जी तो समाज की सेवा करते ही हैं, मरणो उपरांत भी समाज की सेवा करके चले जाते हैं। उनमें से एक नाम है प्रेमचंद लाम्बा। जिनके मरणोपरांत उनके परिवार में मनोज कुमार एवं संबंधियों ने नेत्रदान का फैसला लिया। स्व. प्रेमचंद लाम्बा की आंखों का दान करवाया गया। रस्म क्रिया के अवसर पर शिव शक्ति सत्संग भवन में माधव नेत्र बैंक करनाल एवं शिव शक्ति संकीर्तन मंडल तरावड़ी की ओर से एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और परिवार का नेत्रदान करने पर धन्यवाद किया गया। मानव नेत्र बैंक के सदस्य हंस राज पाहुजा ने कहा कि नेत्रदान महादान माना गया है। हमें सोच विचार करके फैसला लेना चाहिए कि मृतक की दो आंखें कुछ समय में राख हो जाएगी। अगर यही दो आंखें किसी दो नेत्रहीन लोगों को लग जाएगी तो उनके जीवन में उजाला हो जायेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान वेद सलूजा, रामकृष्ण कामरा, दविंदर कामरा, भीमसेन सचदेवा, आत्म प्रकाश आनंद, सुरेंद्र खुराना, विनोद आनंद मौजूद थे।

# अवैध कॉलोनी में नगर योजनाकार ने चलाया पंजा

- नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने लोगों से की अनाधिकृत कालोनियों में प्लॉट नहीं खरीदने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर के व्यासपुर में अवैध कॉलोनी में चलता पीला पंजा। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा यमुनानगर जगाधरी के राजस्व संपदा मौजा गुलाब नगर में नियंत्रित क्षेत्र में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में किए जा रहे निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी को अनाधिकृत कालोनियों में निवेश नहीं करने के लिए आह्वान किया है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि यमुनानगर जगाधरी के राजस्व संपदा मौजा गुलाब नगर में नियंत्रित क्षेत्र में नियंत्रित एरिया में बिना अनुमति के करीब दो एकड़ भूमि में एक अनाधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगाधरी के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया। जिनकी मौजूदगी में वह अपने स्टाफ सदस्यों रवि दत्त और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान करीब दो एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में बनाई गई नींवों व सड़कों समेत अन्य निर्माण कार्य को नष्ट कर दिया गया।

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि चूककर्ताओं को कार्रवाई से पहले अर्बन एरिया एक्ट 8 आफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर नोटिस मिलने के बाद भी चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई।

## खबर संक्षेप

### गीता महोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं

**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2026 के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रेम नगर करनाल में जिला स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 324 विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं—भाषण, संवाद, प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग, निबंध लेखन, श्लोक उच्चारण आदि में प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### कैडेट्स को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी, करनाल में नशा मुक्ति अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए सामूहिक शपथ दिलाई गई।

### युवाओं को यातायात नियमों की दी जानकारी

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा में सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों के उत्तर दिए।
चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने अपने संदेश में कहा कि युवाओं का सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना समय की प्रमुख आवश्यकता है।

### वैश्य समाज का 17वां स्थापना दिवस 30 को

**करनाल।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा इस वर्ष अपना 17वां स्थापना दिवस समारोह 30 नवंबर को होटल ग्रेस, अंबाला रोड, कैथल में आयोजित करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला करेंगे। करनाल जिलाध्यक्ष राजेश सिंगला ने बताया कि स्थापना दिवस समाज की संघर्षशील, समर्पणपूर्ण और सेवा-मुखी यात्रा का प्रतीक है, जिसने संगठन को पूरे प्रदेश में मजबूत स्वरूप दिया है।

### प्राइड फैशन टूर ने फैशन को पहुंचाया नई दुनिया में

**करनाल।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने गुरुग्राम में 'फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' थीम के साथ फैशन और टेक्नोलॉजी का अनोखा मेल प्रस्तुत किया। फाल्गुनी और शेन पीकॉक द्वारा डिजाइन किए इस शो में एआई, डिजिटल प्रोजेक्शन, मोशन-सेंसिंग विजुअल्स और इमर्सिव स्टोरीटेलिंग का शानदार उपयोग किया गया। शो की शुरुआत तमन्ना भाटिया ने ह्यूमनॉइड रोबोट्स के साथ की, जबकि शाहिद कपूर का होलोग्राफिक शोस्टॉपर मोमेंट मुख्य आकर्षण रहा। रनवे को एक लाइव डिजिटल कैनवस बनाकर यह दिखाया गया कि भविष्य का फैशन केवल कपड़ों तक सीमित नहीं रहेगा।

---

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय कॉलेज में हुई 46वीं खेलकूद प्रतियोगिता

# पढ़ाई के साथ खेलों में भी कड़ी मेहनत से कदम चूमेगी सफलता : डॉ. दीपक

- डॉ. दीपक संधू ने एथलेटिक मीट की शुरुआत की
- खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया

प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने कहा कि सच्ची खेल भावना ही खिलाड़ियों की पहचान है। हार-जीत खेल का एक हिस्सा है, लेकिन भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। खेल मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास का माध्यम है। विद्यार्थी बढ़-चढ़कर लें भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में शुक्रवार को 46वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के सहायक निदेशक डॉ. दीपक संधू ने ध्वजारोहण कर एथलेटिक मीट की शुरुआत की। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया, जबकि शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. यशपाल ने कैप पहनाकर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में डॉ. दीपक संधू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा के युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां पूरे देश को गौरवान्वित करती हैं। आज शिक्षा के साथ खेलों में भी उज्ज्वल भविष्य है, परंतु इसके लिए लक्ष्य निर्धारण और कड़ी मेहनत अनिवार्य है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहलवान गीता फौगाट, जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा, शूटिंग में मनु भाकर, क्रिकेटर शेफाली वर्मा, हॉकी स्टार रानी रामपाल जैसे खिलाड़ियों ने कठोर परिश्रम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम फहराया है। उन्होंने कहा कि सरकार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को रोजगार और सम्मान प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ा रही है।



एथलीट मीट के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के रोमांचक दृश्य।

**खास बातें**

- मुख्य अतिथि डॉ. दीपक संधू ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण भी किया
- प्राचार्या ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

**प्रमुख प्रतियोगिताएं**

एथलेटिक मीट में हुईं प्रमुख प्रतियोगिताएँ लड़के व लड़कियों की 800 मीटर दौड़, 100 मीटर स्प्रिंट, गोला फेंक, लॉन्ग जंप, 1500 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, जैवलिन थ्रो, ट्रिपल जंप, हाई जंप, 200 मीटर दौड़, तथा लड़कियों की 5000 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. दीपक संधू ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण भी किया। प्राचार्या ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उप-प्राचार्य डॉ. जरनैल सिंह ने प्रतिभागियों, स्टाफ और मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया। मंच संचालन डॉ. नवीन बत्रा ने किया।

**एथलेटिक प्रतियोगिताओं के परिणाम**

| | | |
|---|---|---|
| 800 मीटर दौड़ (लड़के) | द्वितीयः शिवानी | प्रथमः आलिशा |
| प्रथमः आदित्य | तृतीयः शिल्पा | द्वितीयः साक्षी |
| द्वितीयः साहिल | लॉन्ग जंप (लड़के) | तृतीयः शिल्पा |
| तृतीयः यतिन | प्रथमः युवराज | शॉट पुट (लड़के) |
| 800 मीटर दौड़ (लड़कियाँ) | द्वितीयः विश्वास | प्रथमः राहुल कुमार |
| प्रथमः तमन्ना | तृतीयः अरुण राणा | द्वितीयः युवराज |
| द्वितीयः वसुंधरा | लॉन्ग जंप (लड़कियाँ) | तृतीयः परवीन कुमार |
| तृतीयः साक्षी | प्रथमः तमन्ना | डिस्कस थ्रो (लड़के) |
| जैवलिन थ्रो (लड़कियाँ) | द्वितीयः वसुंधरा | प्रथमः नवदीप |
| प्रथमः तमन्ना | तृतीयः प्रीति | द्वितीयः युवराज |
| | शॉट पुट (लड़कियाँ) | तृतीयः राहुल |

---



# नगर कीर्तन यात्रा का क्षेत्र में जोरदार स्वागत

- श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के बलिदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध/करनाल

नौंवे सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर निकाली जा रही ऐतिहासिक नगर कीर्तन यात्रा का करनाल के ग्रामीण इलाकों में हर स्थान पर गर्मजोशी से स्वागत हुआ। यात्रा आज असंध स्थित बड़ा गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर गांव खेड़ी सर्फली, बिलौना, खिजराबाद होते हुए खंडा खेड़ी पहुंची। इसके बाद नगर कीर्तन न्यू झिंडा, रतक, चोचड़ा, रुकसाना, इच्छनपुर, डाचर, रणजीत नगर से गोंदर पहुंचा, जहां से रात्रि विश्राम के लिए गुरुद्वारा रोड़ी साहिब निसिंग में पड़ाव किया गया। यात्रा की अगुवाई हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा ने की। श्री झिंडा ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कहा कि गुरु साहिब ने मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर कर दिए। उनका बलिदान साहस, सहनशीलता और निर्भयता का प्रतीक है। इस अवसर पर चतर सिंह प्रधान डेरा खालसा, अंग्रेज सिंह वरैच, सुखवंत सिंह गुराया, कमलजीत सिंह मर्दानहेड़ी, मंगल सिंह, इंद्रजीत सिंह मर्दानहेड़ी, गुजर सिंह बिलोना, जोगिंदर सिंह झिंडा, गुरुमुख सिंह, हरकीरत सिंह, गुरमेद सिंह, कुलविंदर सिंह आदि रहे।

**बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां**

यात्रा के दौरान गांव खेड़ी सर्फली में स्कूली बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। गांव बिलौना और न्यू झिंडा में श्रद्धालुओं ने यात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रतक गुरुद्वारे में लंगर प्रसाद का आयोजन हुआ। हर गांव में सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं ने यात्रा का मर्यादापूर्वक स्वागत किया और संगत ने श्रद्धा से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका।

---

# श्री जगदंबा देवी पंखा दंगल में उमड़ा जनसैलाब पहलवानों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री जगदंबा देवी पंखा दंगल कमेटी के आयोजन में रामलीला ग्राउंड पर गुरुवार से शुरू हुए 75वें वार्षिक दंगल में पहले दिन शहरवासी व ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे। बुजुर्ग, महिलाएँ व बच्चे भी अखाड़े में पहुंचे और पहलवानों का उत्साहवर्धन करते दिखे। कमेटी के प्रधान रामधन कांबोज ने बताया कि करनाल में कुश्ती की यह परंपरा लगभग 77 वर्षों से चली आ रही है और यह हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

कमेटी के वरिष्ठ उपप्रधान पहलवान रामचंद्र पालाराम ने कहा कि मुकाबलों के निर्णय दंगल तकनीकल कमेटी करेगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर अखाड़ा एवं खेलों की ओर बढ़ें, क्योंकि इससे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों सुदृढ़ होते हैं। पहले दिन के मुकाबलों में छोटे बच्चों की कुश्ती में सौरभ मंगलोरा ने अरमान उचाना को हराया। आशू बापौली ने हनी मंगलोरा को मात दी; अमित मंगलोरा ने विनय बापौली को हराया; सागर मंगलोरा ने देव सोनीपत को पराजित किया। उसके बाद के मुकाबलों में अभय बापौली ने वंश गगसीना, लक्ष्य गगसीना ने जतिन मंगलोरा को पराजित किया।



करनाल। दंगल में दम दिखाते पहलवान। फोटो : हरिभूमि

---

# चार करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

- क्षेत्र लोगों ने विधायक का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने इंद्री के गांव नगला रोड़ान में आयोजित कार्यक्रम मे इंद्री विधानसभा क्षेत्र मे लगभग 4 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास कर हल्का वासियों को विकास कार्यों की सौगात दी। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने 330.16 लाख रुपये की लागत से बनने वाली तीन सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन सड़कों में गांव संगोहा से जयरामपुर तक, गांव फाजिलपुर से शाहपुर तक तथा फाजिलपुर से मुरादगढ़ तक तक बनने वाली सडकें शामिल हैं। इसी प्रकार विधायक ने गांव नगला रोड़ान में 33 लाख रुपये की लागत से बनाई गई सैनी चौपाल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने गांव में ही 10-10 लाख रुपये से जनरल चौपाल व बी.सी. चौपाल के जीर्णोद्धार कार्य तथा 10 लाख रुपये की राशि से बनने वाली सामुदायिक केंद्र की बाउंड्री वाल के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।



इंद्री। विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करते विधायक रामकुमार कश्यप।

**प्रदेश के विकास के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित**

विधायक ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हरियाणा को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है और इसी संकल्प को पूरा करने के लिए बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़कों सहित सभी विकास कार्यों का निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि आमजन को इनका लाभ मिल सकें। इस मौके पर मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र पंजोखरा, राम मेहर शर्मा, रमन सैनी, सुभाष खेड़ा, सुमित सैनी, जसविन्द्र, मनीष कुमार, बालकिशन सैनी, रमेश पाल, कृष्ण वर्मा, रामदास व मेहर चंद सहित काफी संख्या में मौजूद रहे।

---



### 35 विद्यार्थियों को कंप्यूटर सर्टिफिकेट प्रदान किए

करनाल। परमार्थ शिक्षा समिति द्वारा आयोजित प्रेरणादायक कार्यक्रम में इन्फोटच कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के 35 विद्यार्थियों को कंप्यूटर कोर्स के सर्टिफिकेट वितरित किए गए। सर्टिफिकेट पाकर बच्चों के चेहरे उत्साह से खिल उठे और सभी ने भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष मनोज वत्स ने कहा कि परमार्थ शिक्षा समिति का लक्ष्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है और तकनीक से जुड़े छात्र तेजी से सफलता की ओर बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि समिति समय-समय पर बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करती है जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। समिति के प्रयासों से अब तक सैकड़ों बच्चे कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, सेंटर संचालक और अभिभावक उपस्थित रहे।

---

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर स्कूल के बच्चों ने किया लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रदेश भर में चल रहे हरियाणा स्वच्छता अभियान 2025 के तहत सचिव अजीत कुमार नगर पालिका तरावड़ी के दिशा निर्देशानुसार शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर स्कूल के बच्चों ने एक जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत स्कूल के बच्चों और नगर पालिका के प्रशासन ने मिलकर दुकानदारों को जूट के थैले वितरित करते हुए समझाया कि वे अपनी दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को इस बात के लिए मोटिवेट करें कि जब भी वे दुकान पर सामान लेने के लिए आए अपने साथ जुट या कपड़े का थैला लेकर जरूर आए ताकि पॉलिथीन के प्रयोग को बंद किया जा सके। इसी तरह से बाजार में जो लोग पॉलिथीन में सामान लेकर दुकानों से बाहर आ रहे थे उन लोगों को भी जूट के थैले वितरित करते हुए समझाया कि वे भी अपने-अपने घरों से कपड़े या जूट का थैला लेकर आए और पॉलिथीन का प्रयोग करना बंद कर दें। इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी जोहन लाल, बुधराम विक्रम समेत मोटीवेटर राजवंती और परविंदर ने भी दुकानदारों और वहां पर सामान ले रहे ग्राहकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को बंद करने के लिए प्रेरित किया ।




तरावड़ी। सिंगल यूज प्लास्टिक जागरूकता रैली को रवाना करते सचिव अजीत कुमार व नपा स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

---



### सुमन संधू का हरियाणा वीमेंस क्रिकेट टीम में चयन

करनाल। करनाल जिले के गगसीना गांव की बेटी सुमन संधू ने क्रिकेट जगत में बड़ा मुकाम हासिल करते हुए हरियाणा वीमेंस क्रिकेट टीम में जगह बनाई है। बचपन की गली क्रिकेट से शुरू हुआ सफर अब राज्य की महिला टीम तक पहुंच गया है। 21 वर्ष की सुमन इस समय बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। सुमन ने बताया कि बचपन में वह अपने भाई के साथ गली क्रिकेट खेलती थी, जिससे खेल में रुचि बढ़ी। पिछले तीन वर्षों से वह करनाल की क्रिकेट अकादमी में नियमित प्रशिक्षण ले रही है। उसका दिन सुबह फिटनेस, दोपहर बैटिंग और शाम नेट अभ्यास व फील्डिंग सेशन के साथ गुजरता था। हाल ही में आयोजित हरियाणा ट्रायल और कैंप में सुमन ने शानदार प्रदर्शन किया। टेक्निकल स्किल, फिटनेस और मैच सिचुएशन प्रशिक्षण में उत्कृष्टता दिखाते हुए उसने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। दो दिन बाद आए चयन संदेश से परिवार में खुशियों की लहर दौड़ा गई।

---

# कांग्रेस के टैलेंट हंट कार्यक्रम में डा. मुनीष परवेज राणा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में प्रवक्ताओं के चयन के लिए शुरू किए गए टैलेंट हंट कार्यक्रम के लिए वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने चयन प्रक्रिया को मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए हरियाणा प्रदेश की 15 सदस्यीय राज्यस्तरीय कमेटी गठित की है। इस कमेटी में कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव डॉ. मुनीष परवेज़ राणा को भी महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कांग्रेस जल्द ही उन युवाओं, प्रोफेशनल्स और वर्कर्स से आवेदन आमंत्रित करेगी जो कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आस्था रखते हैं और प्रवक्ता के रूप में पार्टी की आवाज बनना चाहते हैं। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से पार्टी का उद्देश्य ऐसे लोगों की पहचान करना है जो मंच पर प्रभावशाली, राजनीतिक रूप से सशक्त और जनहित के मुद्दों पर स्पष्ट रूप से अपनी बात रखने में सक्षम हों। अहम जिम्मेदारी मिलने के बाद डा. मुनीष परवेज राणा ने कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए गर्व का विषय है, इसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।



- अहम जिम्मेदारी मिलने पर जताया आभार

---

### महात्मा फुले का महा परिनिर्वाण दिवस मनाया

**करनाल।** देश में शिक्षा और सामाजिक क्रांति के प्रणेता, महिला शिक्षा आंदोलन की नींव रखने वाले राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले (सैनी) के 135वें महापरिनिर्वाण दिवस को करनाल में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम हांसी चौक स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले (सैनी) चौक पर आयोजित हुआ, जहां उनकी प्रतिमा स्थल पर प्लेटफॉर्म के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ विधायक जगमोहन आनंद तथा मेयर रेनू बाला गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सैनी सभा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राष्ट्रीय सैनी सभा के महामंत्री रणधीर सैनी ने बताया कि जल्द ही महात्मा फुले की आदमकद विशाल प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

---

कैदियों से बातचीत कर जाना हालचाल, नहीं मिली कोई शिकायत

# लोकायुक्त ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

- दौरे की शुरुआत उन्होंने जेल परिसर में पौधारोपण से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के लोकायुक्त न्यायमूर्ति हरिपाल वर्मा ने आज जिला कारागार का दौरा किया और कैदियों-बंदियों से सीधे संवाद किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें जेल प्रशासन के खिलाफ किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार या दुव्यर्वहार संबंधित शिकायत नहीं मिली।

दौरे की शुरुआत उन्होंने जेल परिसर में पौधारोपण से की। इसके बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, ब्यूटी पार्लर, फैशन स्टूडियो, पुस्तकालय, पाठशाला, कास्मेटोलॉजी लैब, ड्रेस-मेकिंग कक्ष सहित विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण किया। पाठशाला में कैदियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिसे न्यायमूर्ति वर्मा ने सराहा। उन्होंने बताया कि दौरे का मुख्य उद्देश्य कैदियों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनना, प्रशासन के प्रति उनकी राय जानना और यह देखना था कि कहीं किसी अधिकारी द्वारा अनावश्यक दबाव तो नहीं डाला जा रहा। कैदियों ने किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं की। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि जेल प्रशासन सोशल रिफॉर्म्स के तहत कुछ बंदियों को पेट्रोल पंप पर कार्य अवसर दे रहा है और कई व्यावसायिक कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं। आगंतुक पुस्तिका में भी उन्होंने जेल प्रशासन के कार्य को सराहते हुए संदेश दर्ज किया। इस दौरान जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़, डीएसपी सुरेंद्र सिंह, नीलम, डॉ. अमित, डॉ. निपुण सहित अधिकारी मौजूद रहे।



**जेल लोक अदालत में 6 मामले निपटे, 8 मुलजिम रिहा**

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन की अध्यक्षता में 7 मामले सुनवाई के लिए रखे गए, जिनमें से 6 मामलों का निपटारा किया गया और 8 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। सीजेएम डॉ. हसन ने जेल में उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और बंदियों को समय-समय पर मिलने वाली कानूनी सहायता व सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को जिला न्यायालय करनाल, इन्द्री, असंध और घरौंडा की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें लंबित मुकदमों के निपटारे का प्रयास किया जाएगा। लोक अदालत के फैसले पर अपील नहीं होती, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। जिला एडीआर सेंटर और हेल्प डेस्क पर नागरिक राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधी जानकारी और मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश को गिरफ्तार किया है। मलिकपुर के रोहित आर्य ने 21 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने गांव मलिकपुर में स्थित उसके घर का ताला तोड़कर लैपटॉप, बूफर, स्पीकर, एलसीडी और गीजर इत्यादि चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### जबरन वसूली करने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज जबरन वसूली करने के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीव कुमार को गिरफ्तार किया है। बीसी बाजार के राजिंद्र ने 14 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2022 से 14 अक्तूबर 2025 के दौरान आरोपी संजीव कुमार व अन्य ने उसे धमकी देकर जबरन वसूली करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### केबल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश को गिरफ्तार किया है। परिवादी अमित ने 8 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 अक्तूबर 2025 स्टाफ रोड नजदीक एसटीएफ स्टाफ उसके गोदाम से आरोपी राजेश कुमार व अन्य ने बिजली की तारें, पानी की मोटर इत्यादि चोरी की है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जा रही यात्रा

# धर्म की रक्षा के लिए बलिदान के संदेश को हर घर तक पहुंचा रही शहीदी यात्रा

■ दर्जनों गांवों में फूलों के साथ हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) शुक्रवार को सिंह शहीदां श्री गुरूद्वारा साहिब नन्यौला से शुरू हुई। इस मौके पर विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, जिला परिषद के चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना, मार्केट कमेटी चेयरमैन गुरचरण सिंह, उप चेयरमैन योगेंद्र मोहन के साथ-साथ संगत ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। इससे पहले विधानसभा संयोजक रितेश गोयल व अन्य ने गुरूद्वारा में माथा टेका व गुरू का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। बता दें कि बुधवार को यह शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) ऐतिहासिक गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब से शुरू हुआ है जोकि जनेतपुर, गरनाला, मंडौर होते हुए अंबाला शहर में प्रवेश हुआ है। सभी जगहों पर यात्रा गुजरी, वहां पर सिख संगत के साथ-साथ अन्य श्रद्धालुओं ने शहीदी यात्रा का श्रद्धापूर्वक पुष्प वर्षा करके स्वागत कर रहे हैं। विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने बताया कि गुरु तेग बहादुर के जीवन, शिक्षाओं और सर्वोच्च बलिदान को दर्शाती यह शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) शहरी व ग्रामीण श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रतीक बनी हुई है। सिख संगत के साथ-साथ अन्य श्रद्धालु यात्रा का श्रद्धापूर्वक सम्मान भी कर रहे हैं। गुरू के पवित्र स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर नगर कीर्तन की अगुवाई कर रहे पंच प्यारों को सिरोपा पहनाकर उनका श्रद्धापूर्वक सम्मान भी किया। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा की सेवा भावना लंगर वितरण, प्रसाद और पुष्प वर्षा इस यात्रा को मानवता, त्याग और धार्मिक सौहार्द का प्रेरणादायक प्रतीक बना रही है। यह शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) गुरु तेग बहादुर के बलिदान, धर्म रक्षा और मानव अधिकारों के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही है। ऐतिहासिक शहीदी यात्रा शुक्रवार सुबह सिंह शहीदा श्री गुरूद्वारा साहिब नन्यौला से नगर कीर्तन शुरू हुआ जोकि उदयपुर, रसूलपुर, सेखोंपुर, जगोली, खन्ना माजरा, नवी निहारसी, निहारसी, जनसुआ, जनसुई, सेखां, भानोखेडी, लदाना, रवालों, बहबलपुर, बेगो माजरा होते ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री लखनौर साहिब पहुंचीं।



अंबाला। शहीदी यात्रा के अभिनंदन के लिए पहुंचे गणमान्य लोग।



### कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

गुरूद्वारा श्री लखनौर साहिब में रात्रि ठहराव होगा। शहीदी यात्रा 22 नवंबर को ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री लखनौर साहिब से शुरू होकर माजरी, गुरूद्वारा श्री मर्दों साहिब, दुराना, शाहपुर, छोडपुर, आदेश अस्पताल, खानपुर, केसरी, साहा नोहनी कालपी अड्डा, मुलाना, दोसडका व बराडा होते हुए शाहबाद में प्रवेश करेगी। मौके पर सुखदेव सिंह, डॉ. सुषमन शर्मा, पूर्व सरपंच नन्यौला बाबा खेमचंद, सरपंच नन्यौला राजू, गुरजंट सिंह गोल्डी, शैंकी बाजवा, शेर सिंह के साथ-साथ अन्य श्रदालु मौजूद रहे।

### जन्म से लेकर शहादत तक के चित्रण कलाकारों ने दिखाए



**अंबाला।** श्री गुरू तेग बहादुर के जीवन आदर्श और उनकी अमर विरासत पर आधारित हिंद की चादर लाइट एंड साउंड शो का देर शाम एसडी कॉलेज में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, ईओ देवेंद्र नरवाल, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व उप प्रधान सुदर्शन सहगल, बीएस बिंद्रा, टीपी सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र राणा, प्रधानाचार्य अंजू गुर चौधरी व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। आयोजित लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से श्री गुरु तेग बहादुर के जन्म से लेकर शहादत तक के चित्रण को कलाकारों द्वारा दिखाया गया। शो के माध्यम से मुगलों द्वारा श्री गुरू तेग बहादुर व उनके अनुयायी भाई सती दास, भाई मती दास, भाई दयाला पर जो यातनाएं की गई थी उसे यहां दिखाया गया। यहां यह भी दर्शाया गया कि श्री गुरू तेग बहादुर वह महापुरुष थे जिन्होंने अपने शीश की कुर्बानी देकर मानवता व धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा की थी तथा धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।



अंबाला। मीटिंग में मौजूद अधिकारी।

## कार्यक्रम में जाने के लिए बेहतर समन्वय बना रूपरेखा तैयार करें

■ डीसी ने मीटिंग के दौरान सिख ओहदेदारों को सौंपी जिम्मेदारी, पीएम-सीएम कार्यक्रम में पधारेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हिंद की चादर गुरू तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर कुरूक्षेत्र में 25 नवंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले से सिख संगत के साथ-साथ अन्य श्रद्धालु अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाएं। उपायुक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत एनआईसी कार्यालय के सभागार में हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी व अन्य के साथ एक बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारी सदस्य गुरतेज सिंह, सुखदेव सिंह, टीपी सिंह के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया कि 25 नवंबर को कुरूक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी, हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी व अन्य श्रद्धालुओं को जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आह्वान किया।

### ये रहे मौजूद

यह भी बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा श्री गुरू तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस पूरी श्रद्धा के साथ सम्मानपूर्वक मनाने का काम किया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने भी सभी प्रतिनिधियों को कहा कि कार्यक्रम में जाने के लिए बेहतर समन्वय बनाकर रूपरेखा तैयार करें ताकि जिला अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कार्यक्रम की भव्यता को ओर बढाया जा सके। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, नगराधीश अभिषेक गर्ग, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, एडीआईओ शुभम जोधा व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आबाद हो अवैध कॉलोनी में ढहाए निर्माण कार्य

■ कालोनी में बनी कच्ची सड़कों को पूर्ण रूप से धवस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया के गांव कलरहेड़ी में लगभग 2.5 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में हुए निर्माण को ढहा दिया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध कालोनी में बनी कच्ची सड़कों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र, रविंद्र कुमार तथा एसएचओ इंफोर्समेंट ब्यूरो पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आम लोगों से अपील की कि वे ऐसी अवैध कॉलोनियों में कोई प्लाट न खरीदें। प्रोपर्टी डीलर अक्सर ऐसी अवैध कॉलोनियों में लोगों को सस्ते प्लाट देने का लालच देकर उनके साथ ठगी करतें हैं। उन्होंने कहा कि अगर चेतावनी के बावजूद किसी ने ऐसी कॉलोनी में प्लाट खरीद उस पर निर्माण किया तो उसे ढहा दिया जाएगा। साथ ही पुलिस को शिकायत दे उसके खिलाफ कार्रवाई भी करवाई जाएगी। लोगों से अपील की वे किसी भी झांसे में न आएं।



अंबाला। अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को ढहाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

## पंचायत विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर लगवाने के नाम पर 4.60 लाख ठगे

■ राजपुरा के अमरीक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। सैनिक विहार जंडली के सागर की शिकायत पर पुलिस ने राजपुरा के अमरीक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि अमरीक सिंह ने पंचायत विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगवाने का झांसा देकर सागर से करीब 4 लाख 60 हजार रुपए वसूल लिए। सागर ने बताया कि वह किराये के मकान में रहता है। आरोपी अमरीक सिंह उसका दूर का रिश्तेदार है। इसी पहचान का फायदा उठाते हुए अमरीक ने उसे भरोसे में लिया और कहा कि वह पंचायत विभाग में उसकी नौकरी लगवा देगा। आरोपी ने कुल छह लाख रुपये की मांग की थी और 15 सितंबर 2023 को दस्तावेजों के साथ 50 हजार रुपये अग्रिम ले लिए। सागर के अनुसार, इसके बाद अमरीक सिंह ने लवजीत सिंह नामक व्यक्ति के खाते में गूगल पे से 60 हजार रुपये डलवाए।

## शारीरिक के साथ आत्मिक बल बेहद जरूरी

■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि की ओर से जवानों के लिए आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि की सिक्योरिटी सर्विस विंग की ओर से शुक्रवार को पुलिस ऑडिटोरियम हरियाणा पुलिस अधिकारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में 400 पुलिस जवानों ने भाग लिया। यहां मुख्य वक्ता के रूप में ईवी गिरीश भाई मुंबई से पधारे। उन्होंने बताया कि हम पुलिस की सेवा करते हुए भी टेंशन फ्री कैसे रह सकते हैं। हम सभी के पास शारीरिक बल तो है लेकिन हमें आत्मिक बल भी चाहिए जिससे हम अपने जीवन में खुशनुमा रह सके। तनाव मुक्ति के लिए सबसे जरूरी है इस जीवन में खुश रहना जैसे छोटा बच्चा पूरे दिन भर में 300 टाइम मुस्कुराता है। ऐसे हमें भी कुछ भी होता रहे लेकिन कभी भी अपनी खुशी गायब नहीं करनी चाहिए। यह तब संभव है, जब हम रोज़ मेडिटेशन का अभ्यास करेंगे। दिल्ली से पधारे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी जयश्री दीदी ने सभी पुलिस अधिकारियों को परमात्मा परिचय के साथ-साथ मेडिटेशन द्वारा गहन सुख शांति शक्ति की अनुभूति कराई।



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

## बाल विज्ञान प्रदर्शनी के 7 विषयों में 126 बच्चों ने की प्रतिभागिता

■ विजेताओं को डीईओ कालड़ा ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पीएम श्री रावमावि रामबाग रोड में जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस बाल विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न सात थीम में विभिन्न विद्यालयों के खंड स्तर पर विजेता रहे कुल 126 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र इस प्रदर्शनी में अनेकों प्रकार के विज्ञान और गणित के मॉडल बना कर लाये। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञानं और गणित के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करना एवं जागरूकता पैदा करना था। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बच्चों द्वारा प्रदर्शनी में दर्शाए गये मॉडल से संबंधित सभी बच्चों से वार्तालाप भी किया, जिस से सभी प्रतिभागियों को बहुत प्रोत्साहन मिला। उन्होंने सभी बच्चों एवं उपस्थित स्टाफ सदस्यों से विकसित भारत संकल्प में ईमानदारी से अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग तथा संपूर्ण देखरेख डीएमएस सुशील अरोड़ा, कार्यकारी डीएसएस विवेक मिश्रा और गणित प्राध्यापक मुकेश मित्तल द्वारा की गई। कार्यक्रम की सफ़लता में प्रधानाचार्या रीटा देवी व समस्त स्टाफ सदस्यों का योगदान रहा।



अंबाला। विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल्स का अवलोकन करते डीईओ सुधीर कालड़ा।

### इस प्रकार रहे परिणाम

विषय-वस्तुः वेस्ट मैनेजमेंट एंड अल्टरनेटिव्स टू प्लास्टिक में प्रथम-जतिन, पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल उगाला

द्वितीय-अरमान, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नन्यौला तृतीय-राशी पी एम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहजादपुर। इसी तरह वस्तुः हेल्थ एंड हाइजीन में प्रथम-रमनीक सैनी गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराड़ा, द्वितीय-लेखिका, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रेम नगर, तृतीय-आर्यन गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंजोखरा वस्तुः इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में

प्रथम-समर गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहरी भानोखेड़ी द्वितीय-तान्या गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल माजरी

तृतीय-अभय मुखीजा गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर सरसेहडी रहा। विशेष-वस्तुः सस्टेनेबल एग्रीकल्चर में

प्रथम-ललिता गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भानोखेड़ी द्वितीय-सिमरजीत कौर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बकरा मार्केट

तृतीय-सुखप्रीत कौर गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुलिस लाइन रहा। निर्णायक मंडल में नीलम, अजय अग्रवाल, विजेंद्र डागर, रोहित रतन, विनोद कुमार नेगी, आशीष अग्रवाल, मनोज कालिया, कुशाग्र, संजीव गौतम, मयंका, पूजा शर्मा, नरेंद्र सिंह, बबिता और ममता ने जज की भूमिका निभाई।

## यूनिटी मार्च में युवाओं ने दिखाया जोश

■ पूर्व विधायक बोले-562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर पटेल ने अखंड भारत का किया था निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर मुख्यतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, बीडीपीओं जोगेश कुमार, बीडीपीओ शहजादपुर शबनम रेलन, मंडल प्रधान जगदीप कौर, विक्रम राणा शहजादपुर, धर्मवीर गुर्जर, अर्पित अग्रवाल तथा प्रिंसिपल राजिंद्र कौर ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल केवल भारत के पहले गृहमंत्री ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के वास्तुकार थे। उन्होंने 562 रियासतों को एक धागे में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। आज यदि हम एक मजबूत, संगठित और संयुक्त भारत में सांस ले रहे हैं, तो इसका श्रेय लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता, नेतृत्व और राष्ट्रनिष्ठा को जाता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता, कर्तव्यपरायणता और अनुशासन का संदेश आगे बढ़ाना चाहिए। कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, वीर सावरकर, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई तथा महाराण प्रताप जैसे महापुरूषों एवं क्रांतिकारी वीरों की जीवनीयों को पढ कर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।



नारायणगढ़। यूनिटी मार्च में हिस्सा लेते युवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

यूनिटी मार्च को डॉ. पवन सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मार्च राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक, हुडा सेक्टर, हुसैनी रोड से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। मौके पर जसविंद्र सिंह बख्तुआ, मंडल प्रधान हरजिंद्र पाल, नपा सदस्य सुरजीत सिंह मक्कड, संजीव कौशिक, जश्र ढींगरा, पवन गुर्जर, रणधीर सिंह, दीपचंद सैनी, मदन चानना, अश्वनी अग्रवाल, कुलदीप सिंह, मंजू कौशिक, हैप्पी शर्मा तथा सहायक अनुराग यादव भी मौजूद रहे।

ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत कार्रवाई

## आरोपी कान पकड़कर बोले-माफ कर दीजिए अब कभी क्राइम नहीं करेंगे

■ आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे 16 आरोपियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी की सदर थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी ने पुलिस के सामने कान पकड़कर कहा कि अब कभी भी क्राइम नहीं करेंगे, माफ कर दीजिए। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत की गई इस कार्रवाई में कुल 5 मामलों में आरोपियों को पकड़ा गया है। इनसे 1 लाख 52 हजार रुपए नकद और 12 मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। आपराधिक मामलों में वांछित के लिए ऑपरेशन ट्रैकडाउन चलाया जा रहा है इसी कड़ी में अंबाला कैंट की सदर थाना पुलिस ने 5 मामलों में 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें पहले मामले में पुलिस ने आरोपी प्रदीप उर्फ पण्डु को गिरफ्तार किया है, जो हाल ही में जेल से आया था। यहां जुआ सट्टा का काम कर रहा था। जिसमें 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे 1 लाख 52 हजार रूपए और कई मोबाइल बरामद किए है। प्रदीप किसी गैंग से संबंध रखता है और उसपर पहले भी कई मामले दर्ज है। दूसरे मामले में व्यक्ति पर चाकू से हमला करने में 1 अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शुभारंभ — गन्ना लेकर आए पांच किसानों को मिला सम्मान, सबसे ज्यादा गन्ना लाने वाले धरतीपुत्र भी सम्मानित

वैदिक मंत्रोच्चारों के बीच समृद्धि, सुरक्षा और सफल संचालन की कामना

# हवन के साथ बनौंदी शुगर मिल में पेराई सीजन शुरू 50 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

बनौंदी शुगर मिल में शुक्रवार को गन्ना पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समृद्धि, सुरक्षा और सफल संचालन की कामना की गई। शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा एसडीएम एवं शुगर मिल की सी ई ओ - क म - ए क जी क यू टि व डायरेक्टर शिवजीत भारती, डायरेक्टर फाइनेंस हरेंद्र पाल सिंह वालिया, यूनिट हैड वीके सिंह, सीएफओं विजय भाटिया, केन मैनेजर प्रदीप राणा, एचआर मैनेजर लोकेंद्र कुमार, किसान यूनियनों के प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शुभ मुहूर्त में उपस्थित केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई सत्र की शुरुआत की गई। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने किसानों को मिल चालू होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा यह मिल केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि क्षेत्र के किसानों की उम्मीद, आर्थिक शक्ति और आत्मनिर्भरता का स्रोत है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से किसानों का मिल पर विश्वास बढा है। उन्होंने मिल को लेकर किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लिया है, जिसके परिणामस्वरूप पेराई सत्र शुरू हुआ है।





शहजादपुर। पूर्व विधायक तथा एसडीएम गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ करते व किसानों को सम्मानित करते हुए।

### सुविधाएं पहले से बेहतर रहेंगी

किसानों में उत्साह सत्र शुरू होने पर किसानों में उत्साह देखा गया। किसानों ने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष मिल सुचारू रूप से चलेगी और सुविधाएं पहले से बेहतर रहेंगी। मिल द्वारा परंपरा अनुसार पहले गन्ना लेकर आने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में किसान ओम प्रकाश राणा शहजादपुर, मनोज कुमार बडागढ तथा कुलदीप सिंह डेहर सहित कुछ अन्य किसान शामिल है। इसके अलावा पिछले सत्र में जिन किसानों ने सबसे अधिक गन्ना मिल में डाला है, ऐसे 12 किसानों को भी सम्मानित किया गया है।